तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 रजिस्ट्री के नये नियम से फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश...






14 डूबान संघर्ष समिति युवा बेरोजगार संघ ने मांगा रोजगार




गर्मी में बांधों की हालत खराब, पेयजल और औद्योगिक जरूरतों को किया जा रहा पूरा

# मुरुमसिल्ली बांध सूखा गंगरेल में 8 टीएमसी पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अभी गर्मी का मौसम पूरा एक माह बाकी है लेकिन अभी से गंगरेल सहित अन्य बांधों की हालत पतली हो गई है। मुरुमसिल्ली बांध तो पूरा खाली हो चुका है। गंगरेल बांध में 30 प्रतिशत पानी बचा हुआ है, जिससे निस्तारी और औद्योगिक जरूरतों को पूरा किया जा रहा है।

अभी तक न तो पहले जैसे लंबे समय तक गर्मी पड़ी और न ही सिंचाई के लिए पानी दिया गया है। इसके बाद भी गंगरेल सहित अन्य बांधों की हालत पतली हो गई है। प्रदेश के बड़े बांधों में शुमार गंगरेल बांध में 27.079 टीएमसी उपयोगी पानी स्टोर किया जा सकता है। अभी यहां पर 30.77 प्रतिशत यानी 8.33 टीएमसी पानी शेष बचा हुआ है। इससे औद्योगिक और पेयजल की जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अभी भी पेयजल आपूर्ति और औद्योगिक जरूरतों के लिए 255 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। सबसे ज्यादा स्थिति मुरुमिल्ली बांध की है। यहां का पूरा पानी गंगरेल बांध लाया जा चुका है। यहां पर एक प्रतिशत पानी भी नहीं बचा है। स्थिति देखें तो मुरुमसिल्ली बांध की उपयोग जल संग्रहण क्षमता 5.718 टीएमसी है, जिसमें से 0.09 प्रतिशत यानी 0.005 टीएमसी पानी बचा हुआ है। इसी प्रकार सोंढूर बांध की उपयोगी जल संग्रहण क्षमता 6.342 टीएमसी है, जिसमें से 17.20 प्रतिशत यानी 1.093 टीएमसी पानी शेष है। कांकेर जिला स्थित दुधावा बांध की उपयोगी जल संग्रहण क्षमता 10.032 टीएमसी है। यहां पर 28 प्रतिशत यानी 2.804 टीएमसी पानी शेष बचा हुआ है।




### दिया भरपूर पानी

जरूरतों के लिए बांधों से भरपूर पानी छोड़ा गया है। रूद्री बरॉज से ही निस्तारी के लिए साढ़े 8 टीएमसी से अधिक पानी छोड़ा जा चुका है। यहां से रायपुर सिटी को 7 टीएमसी और धमतरी सिटी को 1 टीएमसी से ज्यादा पानी दिया गया है। भिलाई स्टील प्लांट को भी 5 टीएमसी से ज्यादा पानी दिया गया है। सोंढूर और दुधावा बांध से भी निस्तारी के लिए पानी छोड़ा गया। जिससे तालाब सहित अन्य जलाशयों को भरा गया।

### लगातार घट रहा जलस्तर

भले इस बार गर्मी में बादल और बारिश से भरा मौसम रहा। इसके बाद भी बांधों का जलस्तर तेजी के साथ नीचे जा रहा है। अब तो मौसम विभाग ने भयावह गर्मी पड़ने के आसार व्यक्त किए हैं। ऐसे में इन बांधों का जलस्तर और और तेजी से कम होगा। मुरुमसिल्ली बांध तो बारिश से पहले पूरी तरह से सूख सकता है। हालांकि बांधों से अब ज्यादा पानी छोड़ना बंद कर दिया गया है। पेयजल और भिलाई स्टील प्लांट के लिए ही पानी दिया जा रहा है।

## दुर्घटना में एक ही गांव के दो युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घर लौट रहे दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इस घटना से एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दूसरे की मौत अस्पताल में हो गई। एक ही गांव के दो युवकों की मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की खोज शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोमा निवासी पारख प्रकाश कंवर उम्र 24 साल पिता लोकेश और टिकेश्वर यादव उम्र 25 साल पिता आसकुमार भखारा की ओर से अपने गांव डोमा आ रहे थे। दोनों बाइक पर सवार थे। डोमा के पास ही एक अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि दूसरे को अस्पताल लाया जा रहा था। उसकी मौत रास्ते में हो गई। उल्लेखनीय है कि रायपुर रोड में टोल प्लाजा बनने के बाद भखारा रोड में ट्रैफिक काफी बढ़ गया है। टोल टैक्स बचाने के लिए लोग भखारा होकर रायपुर जाने लगे हैं। यही कारण है कि आए दिन इस रोड में दुर्घटनाएं हो रही हैं।



## भंवरमरा और सलोनी सरहद का विवाद कलेक्टोरेट पहुंचा



- संयुक्त टीम से सीमांकन कर न्याय दिलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत भंवरमरा तथा सलोनी के बीच सीमा विवाद का मामला कलेक्टोरेट पहुंचा है। भंवरमरा पंचायत ने संयुक्त टीम से दोनों गांव का सीमांकन कर न्याय दिलाने की मांग की है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे ग्राम पंचायत भंवरमरा सरपंच श्रीमती झामिन निषाद, उपसरपंच श्यामलाल निषाद, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सागर, कांशीराम आदि ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि ग्रापं भंवरमरा पह. न. 40 तहसील धमतरी स्थित शासकीय घास जमीन भंवरमरा तथा सलोनी के मध्य स्थित है। पूर्व में सोंढूर जलाशय के डूब प्रभावितों को सलोनी में पुनर्वास के लिए जमीन आवंटित की गई थी जिसमें भंवरमरा की भूमि भी अधिग्रहित है। सलोनीवासियों ने भंवरमरा की घास जमीन पर अपना हक जमाकर उसे ग्रामीणों को आवंटित कर दिया है जहां दुकान एवं मकान बनाया जा रहा है। सरपंच ने संयुक्त टीम से मांग की है कि दोनों गांव के मध्य सरहदी सीमांकन कराकर न्याय दिलाया जाए।

## मगरलोड क्षेत्र में जल संवर्धन एवं संरक्षण की आवाज उठी

- जनपद अध्यक्ष सहित आठ गांवों के सरपंच ने दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मगरलोड जनपद की आठ ग्राम पंचायतों ने अपने क्षेत्र में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए आवाज बुलंद की है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में मगरलोड जनपद अध्यक्ष सहित आठ ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं ग्रामीणों ने दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है।

मगरलोड जनपद अध्यक्ष विरेंद्र कुमार, मोहंदी सरपंच अनीता लहरे, राजपुर सरपंच जामबाई, डाभा सरपंच राजकुमारी साहू, छिपली सरपंच नारायण साहू, बेलोरा, बिरझुली तथा सरगी सरपंच के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर से कहा कि ग्राम पंचायत मोहंदी सहित आसपास की पंचायतों में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के तहत मवेशियों की पेयजल व्यवस्था, किसानों को सिंचाई सुविधा एवं सार्वजनिक हितों के लिए दो सूत्रीय मांग है। कुसुमखुंटा नाला में चेक डेम कार्य के साथ बेलोरा जलाशय तक कच्ची नाली का निर्माण कार्य तथा बेलोरा जलाशय में नवीन गेट व्यवस्था के साथ जल निकासी नाली का कांक्रीटीकरण, पुल पुलिया निर्माण की आवश्यकता है। इस कार्य से क्षेत्र में जल संवर्धन तथा संरक्षण होगा। मगरलोड जनपद में पानी की समस्य बहुत हद तक दूर होगी।



### जहरीली शराब से 1 साल में 30 लोगों की मौत

ग्राम मोहंदी, जामली से कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण कांति साहू, ओमकुमारी, दुलीचंद लहरे, नीलकमल कल्याण, मानिकराम, गोमती ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत मोहंदी का आश्रित ग्राम जामली है। दोनों गांव में कच्ची शराब महुआ बनाने और बेचने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। मोहंदी पंचायत अंतर्गत जहरीली महुआ शराब के सेवन से एक साल में 30 व्यक्ति काल के गाल में समा गए हैं जिससे कई गृहणी तथा बच्चे अनाथ हो गए हैं। दोनों गांव के स्कूली बच्चे कच्ची शराब के आदी हो रहे हैं। गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं जहां बच्चों में बुरा प्रभाव देखा जा रहा है। पंचायत स्तर पर मना करने के बावजूद कच्ची महुआ जहरीली शराब निर्माता एवं विक्रेता बाज नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने गांव में विशेष अभियान चलाकर अवैध महुआ शराब पर रोक लगाने की मांग की है।

## दो साल से मुनगा पेड़ को लेकर चल रहा विवाद

- भोथीपार के 14 परिवारों का हुक्कापानी बंद

**धमतरी।** ग्राम भोथीपार में मुनगा पेड़ को काटने के मुद्दे को लेकर पिछले दो साल से विवाद जारी है। 14 परिवारों का हुक्कापानी ग्राम विकास समिति द्वारा बंद कराने की शिकायत आवेदकों ने की है। ग्राम भोथीपार निवासी देवव्रत, जनकराम, तिलक राम, हेमलाल, चिंताराम, भरतलाल, एकनाथ साहू, हेमलाल साहू ने कलेक्टर के नाम दिये गये शिकायत पत्र में कहा कि ग्राम विकास समिति अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों ने 17 मई को बैठक बुलाकर 14 परिवारों को घर के पास लगे मुनगा पेड़ को काटने के लिए कहा। इन परिवारों ने पेड़ काटने से मना कर दिया जिसके बाद सभी का हुक्कापानी बंद करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि गांव के खेत खेलिहान में ट्रेक्टर, गाड़ी नहीं ले जाने का निर्णय लिया है। 14 परिवारों के सामने किसानी व पारिवारिक व्यवस्था संकट में है।


हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969



GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

1800+
Success Stories of Chhattisgarh & A Legacy of Excellence

GOAL छत्तीसगढ़ के सफल छात्रों को AIIMS & JMC RAIPUR में पढ़ने का मौका मिला NEET 2024

NEET की सटीक तैयारी, Goal Institute के साथ !



इस वर्ष नीट 2025 में कठिन प्रश्न आने के बावजूद भी GOAL के 42 QUESTION MATCHED हुए

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.2 | AITS Flash Back-02 (Q.NO.-50) | 08.09.2024 |
| | SPOT TEST-02 (Q.NO-29) | 22.01.2025 |
| Q.3 | AITS F.B.-04 (Q.NO-13) | 01.12.2024 |
| Q.8 | DPP-25 (Q.NO-02) | 21.04.2025 |
| Q.9 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-138) | 13.04.2025 |
| Q.11 | DPP-09 (Q.NO-02) | 11.03.2025 |
| Q.20 | DPP-11 (Q.NO-43) | 18.03.2025 |
| Q.27 | DPP-25 (Q.NO-22) | 21.04.2025 |
| Q.32 | SPOT TEST-14 (Q.NO-13) | 23.04.2025 |
| Q.33 | AITS MAJOR TEST -5 (Q.NO-148) | 16.03.2025 |
| Q.34 | AITS MAJOR TEST-10 (Q.NO-148) | 20.04.2025 |
| Q.42 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-06) | 30.06.2024 |
| Q.43 | AITS FLASH BACK-02 (Q.NO-48) | 08.09.2024 |
| Q.45 | MIN TEST-10 (Q.NO-50) | 29.12.2024 |
| Q.48 | DPP-25 (Q.NO-83) | 21.04.2025 |
| Q.51 | AITS MIN TEST-06 (Q.NO-80) | 06.10.2024 |
| | AITS MAJOR TEST-06 (Q.NO-20) | 23.03.2025 |
| Q.53 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-38) | 23.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-180) | 09.03.2025 |
| | AITS MIN TEST-04 (Q.NO-79) | 25.08.2024 |
| Q.57 | DPP-03 (Q.NO-90) | 28.02.2025 |
| Q.61 | DPP-06 (Q.NO-83) | 06.03.2025 |
| Q.64* | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-93) | 07.11.2024 |
| | SPOT TEST-05 (Q.NO-174) | 19.02.2025 |
| | DPP-02 (Q.NO-156) | 25.02.2025 |
| | DPP-03 (Q.NO-87)* | 28.02.2025 |
| Q.67 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-36) | 13.04.2025 |
| Q.69* | DPP-10 (Q.NO-70)* | 17.03.2025 |
| | DPP-20 (Q.NO-71) | 11.04.2025 |
| Q.72 | AITS F.B.-02 (Q.NO-54) | 08.09.2024 |
| | DPP-16 (Q.NO-66) | 28.03.2025 |

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.75 | AITS MIN TEST-05 (Q.NO-75) | 22.09.2024 |
| Q.79 | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-150) | 03.03.2025 |
| | SPOT TEST-04 (Q.NO-62) | 09.03.2025 |
| Q.99 | AITS MAJOR TEST-11 (Q.NO-67) | 27.04.2025 |
| | DPP-19 (Q.NO-150) | 10.04.2025 |
| Q.103 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-170) | 15.12.2024 |
| Q.105 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-189) | 15.12.2024 |
| | DPP-21 (Q.NO-144) | 14.04.2025 |
| Q.106 | DPP-03 (Q.NO-163) | 28.02.2025 |
| Q.116 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-102) | 23.02.2025 |
| Q.117 | AITS F.B.-02 (Q.NO-108) | 08.09.2024 |
| Q.122* | AITS MIN TEST-05 (Q.NO.137)* | 22.09.2024 |
| | DPP-18 (Q.NO-137) | 07.04.2025 |
| Q.144 | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-146) | 17.11.2024 |
| Q.150 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-158) | 16.02.2025 |
| Q.152 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-168) | 16.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-118) | 16.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-05 (Q.NO-07) | 16.02.2025 |
| Q.155* | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-166)* | 23.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-03 (Q.NO-31)* | 02.03.2025 |
| | DPP-18 (Q.NO-124) | 07.04.2025 |
| Q.156 | AITS MINORTEST-02 (Q.NO-132) | 09.02.2025 |
| Q.163 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-124) | 23.02.2025 |
| | SPOT TEST-05 (Q.NO-54) | 19.02.2025 |
| Q.166 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-188) | 30.06.2024 |
| Q.169 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-194) | 14.07.2024 |
| Q.175 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-169) | 14.07.2024 |
| Q.180 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-114) | 23.02.2025 |
| | SPOT TEST-13 (Q.NO-79) | 16.04.2025 |
| | DPP-25 (Q.NO-94) | 21.04.2025 |

NEET-2025
Question Paper With Answer Key
TYPE : https://bit.ly/4IW8feR

DIRECT ADMISSION
Goal Bhilai & Bilaspur Centre with Scholarship in Chhattisgarh
- For CBSE Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For State Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For Army Family's Child 50%
- For JNV Students 50%
- For 2nd & 3rd Dropper Students 40%
- For All Dropper Students 25%

ADMISSION OPEN - 2025-26

DROPPER BATCH
For NEET / JEE- Classes Starts on
23rd, 30th May & 06th, 13th, 20th, 27th, June 2025

FOUNDATION BATCH
For 11th & 12th - Classes Starts on
23rd May & 02nd June 2025

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE PH- 0788-4013502 Mob: 74158-84100 98269-43595
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 Mob: 77720-60999
BILASPUR: 2ND FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROAD, PH- 07752-320345 Mob: 99264-54100

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCH | DHANBAD www.goalinstitute.org goal institute_bhilai goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प आज

**धमतरी।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 मई को किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस प्लेसमेंट कैम्प में धमतरी और रायपुर के निजी संस्थाओं द्वारा 578 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से चयनित होने वाले जिले के युवाओं को औसतन 15 से 17 हजार रूपये मासिक वेतन वाला रोजगार मिल सकेगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से मैनेजर, सुपरवाईजर, सर्वेयर, बीमा सखी, ग्रामीण अभिकर्ता, शहरी अभिकर्ता, सामान्य अभिकर्ता जैसे पदों पर भर्तियां की जाएंगी।

### प्रभात बैस लगातार दूसरी बार भाजपा मंडल महामंत्री बने

**कुरुद।** गत दिवस भाजपा कुरुद मण्डल कार्यकारिणी का विस्तार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार एवं प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन पर जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस की अनुशंसा-अनुमोदन पर किया गया जिसमें भाजपा कुरुद मण्डल में प्रभात बैस को महामंत्री का पुनः दायित्व दिया गया है। पुनः महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर श्री बैस ने प्रदेश नेतृत्व, जिला नेतृत्व, मण्डल नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा की प्रखर राष्ट्रवादी विचारधारा, गांधीवादी दृष्टिकोण, सकारात्मक पंथ निरपेक्षता, मूल्य आधारित राजनीति, लोकतांत्रिक निष्ठा पर आधारित कार्य करना सौभाग्य की बात है। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कार्यकर्ता वर्षभर समाज हित ,देश हित में राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर कार्य करते हैं। चाहे सत्ता पक्ष में हो या विपक्ष में हो। आज भाजपा केवल पार्टी नहीं जन आन्दोलन बन चुकी है चाहे कैसी भी परिस्थिति हो पार्टी के कार्यकर्ता कार्य करने से पीछे नहीं हटते।



### बीमा का लाभ लेने बैंक खाते में पर्याप्त राशि रखें खाताधारक

**कुरुद।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर अन्तर्गत जिला रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के खाताधारकों के खातों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अंतर्गत रू. 436 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनांतर्गत रू. 20 की कटौती कर बीमा कराया जा रहा है। इसमें बहुत से खाताधारकों के खाते में पर्याप्त बैलेन्स नहीं होने के कारण तथा खाताधारकों द्वारा खाते का संचालन नहीं करने के कारण से उनके खातों से उक्त राशि की कटौती नहीं हो पा रही है। समस्त खाताधारकों से अपील की गई है कि वे अपनी शाखा में सम्पर्क कर खाते में लेन-देन कर खातों को व्यवहार में लाएं एवं खातों में पर्याप्त बैलेंस रखें ताकि 25 मई से 31 मई के मध्य उक्त राशि की कटौती कर बीमा कराया जा सके। समयावधि में खाते में लेन- देन नहीं करने एवं पर्याप्त बैलेंस नहीं रखने पर बीमा राशि की कटौती नहीं होगी। इससे खाताधारकों को उपरोक्त बीमा का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

### निःशुल्क शैक्षिक मार्गदर्शन शिविर में एसपी ने छात्रों को सफलता के टिप्स दिए

# लीडर वही होता है जो लीडर पैदा करता है : परिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



सफलता का मतलब यह नहीं कि आप कितनी ऊंचाई पर चले गए। सफलता का अर्थ यह है कि आप कितने लोगों के काम आ पा रहे हैं। हमें देव ऋण, पितृ ऋण, ऋषि ऋण और चौथा राष्ट्र ऋण को सदैव स्मरण रख तन, मन, धन से उसके प्रति समर्पित रहना चाहिए। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ में निशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है। बतौर वक्ता पहुंचे एसपी परिहार ने विद्यार्थियों को समझाया कि लक्ष्य बड़ा रखो और रोज स्वयं को एक प्रतिशत बेहतर करते जाओ। लीडर वही होता है जो लीडर पैदा करता है। विद्यार्थी के पांच लक्षण सदैव याद रखो, कौवे की समान चेष्टा, बगुले के समान ध्यान, कुत्ते के समान नींद, अल्पाहार और गृह त्याग। इतना करते ही सफलता आपके कदम चूमेगी। बच्चों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि एक छोटा सा देश इजराइल चारों तरफ से शत्रु देशों से घिरा हुआ है, किंतु अकेला सभी शत्रुओं को परास्त कर देता है। कारण यह है कि वहां का हर नागरिक तीन साल अपनी सेवाएं देकर राष्ट्र प्रेम का भाव हृदय में सिंचन करता है। उन्होंने अनेक सत्य घटनाओं एवं ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया।

इस अवसर पर साहू समाज के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद साहू, कामराय साहू, रामप्रसाद साहू, बेनीराम साहू, प्यारेलाल साहू, डोमन प्रकाश बंजारे, उदय यादव, भुनेश्वर साहू, रविंद्र साहू, श्री तारक, रेशम साहू, मनोज साहू, शेखन साहू, लुकेश साहू, खिलेश्वर साहू, देवेंद्र साहू, श्रीमती किरण साहू, पवन साहू, चैनसिंह साहू, ईश्वर साहू, देवनारायण साहू, उमेश साहू लोमेश साहू सहित लगभग 200 विद्यार्थी व बड़ी संख्या में पालक, सामाजिक पदाधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# प्रभारी मंत्री ने किया जिपं अध्यक्ष कक्ष का लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक उपलब्धि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कक्ष का लोकार्पण हुआ। राज्य शासन के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने पूजा-अर्चना कर और फीता काटकर कक्ष का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, महापौर रामू रोहरा, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक इंदर चंद चोपड़ा एवं श्रीमती रंजना साहू, जिला पंचायत सभापति अजय फत्ते लाल ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम तथा वरिष्ठ भाजपा नेता कविद्र जैन, रविशंकर दुबे, डेनिस चंद्राकर, कमल डागा, मनोहर मानिकपुरी, रामभुवन सार्वा, श्रीमती सोनी सार्वा, आर्यन सार्वा, आर्वी सार्वा, खेमेन्द्र साहू, प्रदीप सोन, परसराम साहू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार एवं जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में अतिथियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष कक्ष की आवश्यकता और इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इसे जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी से कार्यक्रम में उत्साह और गरिमा का विशेष संचार देखने को मिला।

# भखारा के वार्ड क्रमांक दो में नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली के वार्ड नंबर 2 में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन अध्यक्ष, पार्षदगणों एवं वार्डवासियों द्वारा किया गया। मौके पर अध्यक्ष ज्योति जैन, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण हितेंद्र साहू, झम्मन साहू, छबिलाल निर्मलकर, भूपेंद्र यादव, भूपेश्वरी चंदेल, गौतमी पटेल, अंजु साहू, खेमलता साहू, डुमेंद्र गंगबेल, जितेंद्र साहू, ईश्वर साहू सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

# झरिया सेन समाज पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा : प्रद्युमन

- झेरिया सेन समाज की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



चंगोरी झेरिया सेन समाज की वार्षिक बैठक दानीटोला चंगोरी झेरिया सेन भवन में हुई। इसी तरह सजहा झेरिया सेन समाज की वार्षिक बैठक मुजगहन श्रीवास भवन में हुई। समाजजनों ने सेनजी महाराज के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। बैठक में प्रदेश सचिव प्रद्युमन श्रीवास, कोषाध्यक्ष दौलतराम सेन, रिखी सेन, रामायण सेन, मनहरन सेन शामिल हुए। प्रद्युमन श्रीवास ने कहा कि प्रदेश में झरिया सेन समाज पूरी मजबूती के साथ संगठित हो रहा है जिसमें झेरिया प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सेन की अहम भूमिका है। बसंत कौशिक, दौलतराम, जवाहर कौशिक, खेमलाल कौशिक, कन्हैया सेन, लालाराम सेन, मदन कौशिक, टोमन भारद्वाज ने कहा कि संख्या बल अधिक होने के कारण हम अपनी-अपनी पाली को अलग-अलग चलाते हैं लेकिन हमारी विचारधारा एक है।

# निःशुल्क सेना भर्ती प्रशिक्षण सराहनीय कार्य : गौकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

- मौरीकला में सेना भर्ती प्रशिक्षण का शुभारंभ



ग्राम मौरीकला में कर्मक्षेत्र एकेडमी संगठन में नया बैच मिशन 2025 का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश सेवा करने के इच्छुक क्षेत्र के युवाओं के लिए मौरीकला के शारीरिक शिक्षक, भूतपूर्व सैनिक द्वारा दिया जा रहा यह निःशुल्क प्रशिक्षण सराहनीय कार्य है। यह युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। इसमें सेना भर्ती में मांगी गई एक विशेष मापदंडों की जानकारी के साथ लगातार प्रैक्टिस कराई जा रही है।

बच्चों को आगे बढ़ने और देश सेवा करने की प्रेरणा देते हुए आसपास के गांव के युवाओं को भारत माता की सेवा में जाने के लिए तिलक लगा कर फिजिकल ट्रेनिंग की शुभकामनाएं दी 1 यह प्रशिक्षण पूरे साल भर चलेगा जिसमें लगातार लोग निःशुल्क भर्ती लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कृष्णा निषाद शारीरिक शिक्षक ने बताया कि युवा लगातार उत्साह के साथ अपनी प्रैक्टिस करने के लिए जुड़ रहे हैं। पूरे साल उन्हे सेना भर्ती हेतु सेवानिवृत्त सैनिकों द्वारा निःशुल्क ट्रेंड किया जायेगा। 100मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर , लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक से लेकर और भी विभिन्न फिजिकल फिटनेस एक्टिविटीज कराई जा रही है।

मौके पर जनपद सदस्य दिलीप चक्रधारी, वीणा साहू सरपंच मौरीकला, जयमित्र साहू सरपंच गोजी, सालिक राम साहू सरपंच नारी, डा. खेमराज साहू सरपंच कठौली, ठाकुरराम साह, खुशबू यादव पूर्व सरपंचच मौरीकला, नीलमणि निषाद कठौली, उत्तम प्रकाश साहू भूतपूर्व सैनिक, दुलेंद्र साहू, राजकुमार विश्वकर्मा, कृष्णा साहू, सागर साहू, बिसरू साहू एवं कृष्णा निषाद शारीरिक शिक्षक उपस्थित थे।

# डॉ. माधुरी को मिला गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



नगर पंचायत भखारा निवासी डॉ माधुरी डड़सेना शिक्षिका को गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मिला।

माधुरी डड़सेना ने बताया कि उसका नाम दसवीं बार वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल हुआ है। इस बार छंदबद्ध वृहद व्याकरण पुस्तक कार्यक्रम का विमोचन रायपुर वृंदावन हाल में हुआ। यह पुस्तक हिंदी व्याकरण को छंदबद्ध लेखन कर विश्व इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। इस पुस्तक में 111 साहित्यकारों ने अपना अमूल्य योगदान दिया है। इस पुस्तक को डॉ इन्द्राणी साहू सांची, डॉ पदमा साहू पर्वणी, डॉ निरामणी श्रीवास नियति द्वारा यह वृहद छंदबद्ध व्याकरण पुस्तक का सपना साकार रूप में परिणित हुआ है। यह आयोजन मुख्य अतिथि डॉ विनयकुमार पाठक, विशिष्ट अतिथि डॉ पीसी लाल यादव, विशिष्ट अतिथि रामेश्वर शर्मा, विशिष्ट अतिथि अरुण निगम, आयोजक मंडल कमल शर्मा, अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि, रामनाथ साहू ननकी, सोनल शर्मा की उपस्थिति में हुआ। गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड मिलने पर नपं भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन, भीखमलाल डड़सेना, यशोदा सिन्हा, रोषित डड़सेना, बिलासा छंद महालय के वरिष्ठ साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# निःशुल्क शैक्षणिक शिविर में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

### सृजनात्मक कौशल को बढ़ावा देने का सकारात्मक पहल है समर कैंप : गीतेश्वरी





शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिलौटी में साहू समाज परिक्षेत्र तर्रागोंदी के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 7 जून तक आयोजित निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शैक्षणिक शिविर में कक्षा छठवीं से लेकर 12 वीं तक के सैकड़ों विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। यहां अनेक विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के अलावा जनप्रतिनिधि पहुंचकर विद्यार्थियों के विविध रचनात्मक कार्यों को लेकर प्रोत्साहित कर रहे हैं।

शनिवार को जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू ने निःशुल्क समर कैंप आयोजित करने पर साहू समाज की सराहना करते हुए कहा कि स्कूली बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उभारने और निखारने के लिए समर कैंप का आयोजन सकारात्मक पहल है। इससे बच्चे खेलकूद, गीत-संगीत, नृत्य, चित्रकला, रंगोली सहित अन्य रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर समग्र व्यक्तित्व विकास कर सकेंगे। इससे बच्चों को मनोरंजन के साथ ही सीखने-समझने का अवसर प्राप्त होता है, साथ ही उनके सृजनात्मक कौशल को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर कर्मचारी प्रकोष्ठ के संरक्षक दयालुराम साहू विशेष तौर पर उपस्थित थे।

**बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारने का कर रहे प्रयास**

ज्ञात हो कि उक्त शैक्षणिक शिविर में चित्रकला, हस्तशिल्प, नृत्य, गीत-संगीत, कहानी-कविता लेखन, नाटक, योग और विज्ञान से जुड़े प्रयोग, रोचक किस्से-कहानियां जैसी विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही हैं। बच्चे अपनी रुचियों के अनुसार समूहों में बंटकर इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। शिक्षकों और प्रशिक्षकों की देखरेख में बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास कर रहे हैं। परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष गिरधारी साहू ने बताया कि इस कैंप का आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें सीखने की प्रक्रिया को रोचक ढंग से बढ़ाने के लिए किया गया है। बच्चे एक-दूसरे से सीखकर सिर्फ छुट्टियों का आनंद नहीं ले रहे बल्कि सीखने का नया दृष्टिकोण भी विकसित कर रहे हैं।

# पचपेड़ी में निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम पचपेड़ी में ऑपरेशन सिंदूर अभियान की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश भक्ति गीतों और सेना के हौसले व जज्बे को सलाम करते हुए नारों के साथ ग्राम पंचायत से यह यात्रा शुरू हुई। पूरे गांव का भ्रमण किया।

इस यात्रा में सरपंच विनय साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, उपसरपंच राकेश पटेल, पंचगण वशिष्ठ साहू, लोमेश साहू, गिरिजाशंकर साहू, टीकम साहू, ईश्वर साहू, धनराज यादव, द्रौपदी साहू, उमा साहू, हेमलता साहू, योगिता यादव, सचिव गैंदलाल साहू समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### सिलीडीह में भारतीय किसान संघ का अभ्यास वर्ग संपन्न

# किसानों को जैविक खेती, जल संरक्षण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



भारतीय किसान संघ धमतरी जिले का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग भखारा ब्लॉक के ग्राम सिलीडीह में श्रीराम गौसेवा संस्थान गायत्री मंदिर में अखिल भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ विशाल चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य एवं कृषि उपसंचालक मोनेश साहू विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बलराम की पूजा से हुई। इसके बाद पहले जम्मू कश्मीर में मारे गए निर्दोष नागरिकों को 2 मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। डॉ विशाल चंद्राकर द्वारा जैविक खेती, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, संगठन के रचनात्मक, आन्दोलान्त्मक कार्य एवं सामाजिक हितों पर विशेष जानकारी दी गई। कृषि विभाग के उप संचालक श्री साहू ने किसानों को कृषि विभाग के संबंध में दी जाने वाली सुविधाओं को बारीकी से समझाया गया।

जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर एवं जिला मंत्री दुलार सिंह, संयोजक ललित सिन्हा ने तहसील एवं ग्रामीण स्तर पर संगठन की शक्ति के साथ किसानों के हितों में लगातार सहयोग प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी। गौ सेवा संरक्षण पर रोहित साहू ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर श्रीमती सिंधु बैस, पूर्णिमा साहू, तोमन साहू, शत्रुघन साहू, मंशा साहू, हेमेंद्र साहू, ठाकुरराम, रमन साहू, राजकुमार चंद्राकर, लालाराम साहू, विनय साहू, भोलाराम साहू, गोपाल चंद्राकर, शंकर गौतम, खेमराज, बैसाखुराम, ईश्वर साहू, लीलाराम, वेदराम, हीरालाल, योगेश्वर सेन, डोमेन, हुलासराम साहू, लखन साहू, धनेश, ठाकुरराम, हजारीराम, गिरिराज सोन, गोविंद, खिलेंद्र उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### स्वरोजगार के लिए आवेदन तैयार करने जिले में लगेंगे शिविर

**धमतरी।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए स्वरोजगार स्थापित करने ऋण दिया जाएगा। कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि इसके लिए आवेदन तैयार करने जिले में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नगरी विकासखण्ड के अनुसूचित जनजाति (कमार) बाहुल्य ग्राम पंचायत कल्लेमेटा में 4 जून को शिविर आयोजित किया जाएगा। धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दोनर में 12 जून और ग्राम पंचायत डाही में 25 जून को शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यपालन अधिकारी ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्वरोजगार के इच्छुक आवेदकों को राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की दो-दो फोटोकॉपी और 3 पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ शिविर में उपस्थित होने कहा है। शिविर में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए संबंधित सरपंच और पटवारी को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने कहा जिससे आवेदकों का आवेदन पत्र सरलता से शिविर स्थल में ही तैयार किया जा सके।

### समाधान शिविर में दिव्यांग को मिली व्हीलचेयर

**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम धनेसरा में आयोजित सुशासन तिहार 2025 में पहुँची धनेसरा निवासी सुखबती बाई को समाज कल्याण विभाग द्वारा उनके दिव्यांग पति रेमन शोरी के लिए व्हील चेयर निःशुल्क प्रदाय किया गया। सुखबती ने बताया कि उनके पति को दिव्यांगता के कारण कहीं आने-जाने में कई प्रकार की परेशानी होती है। शिविर में व्हील चेयर के लिए आवेदन दिया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा तत्काल व्हील चेयर प्रदाय की गई।

### सड़क दुर्घटना में मृत्यु के प्रकरण में आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके आश्रित के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। नरहरपुर तहसील के ग्राम डूमरपानी निवासी कुंतीबाई पटेल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित श्रीराम पटेल को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### स्वरोजगार स्थापना के लिए 10 जून तक मौका

**कांकेर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक के अनुसार जिले में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र व्यक्तियों के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत स्वरोजगार स्थापना करने 10 जून तक आवेदन करने का मौका है। योजना में हितग्राही प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ उठा सकते हैं, अधिकतम अनुदान 10 लाख रूपए प्रति उद्यम तक हो सकती है। लाभार्थी का अंशदान न्यूनतम 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक के ऋण के रूप में देय होगी।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 60 वर्षीय कृपाराम साहू ने 18 मई को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। नरेंद्र बघेल पिता खुदाराम बघेल ने पुलिस को बताया कि मृतक की मौत फांसी लगाने से हुई है, मौत का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए विवेचना में लिया है।

### युवक की हुई मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 18 वर्षीय रोहत सरकार का 17 मई को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर बताया गया कि युवक का मौत हो जाने के बाद ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पखांजुर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### गुण्डागर्दी करने वाला युवक पुलिस गिरफ्त में

**जगदलपुर।** बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित गुरूगोविंद सिंह चौक में हाथों में तलवार लेकर आने जाने वालों को डराधमका कर गुण्डागर्दी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

---

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यशाला में दी जानकारी

# रजिस्ट्री के नये नियमों से फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश, रिकार्ड भी तत्काल अपडेट होगा

- अधिकारी, वकील, स्टाम्प वेंडर, दस्तावेज लेखक से लेकर जनप्रतिनिधि और पत्रकार भी शामिल हुए

**रजिस्ट्री में 10 क्रांतियों को बताने कलेक्टोरेट में कार्यशाला का आयोजन**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्री के नये नियमों और सम्पत्तियों के पंजीयन में शुरू किए गए 10 क्रांतिकारी परिवर्तनों पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने नई सुविधाओं और तकनीकों के बारे में जानकारी दी। राजस्व मंत्री ने कहा कि जमीनों की रजिस्ट्री के लिए नये नियम समय की जरूरत के हिसाब से आमजनों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं। रजिस्ट्री के नये नियमों से फर्जीवाड़े में रोक लगेगी। बंधक जमीनें नहीं बिक पाएंगी और कोई भी दूसरा आदमी किसी और की जगह पर खड़े होकर जमीनों की रजिस्ट्री नहीं करा सकेगा। राजस्व मंत्री ने कहा कि पंजीयन विभाग में नयी सुविधाओं के लिए तकनीक का उपयोग कर लोगों को स्वयं रजिस्ट्री ऑफिस जाकर बायोमेट्रिक्स के द्वारा आधार सत्यापन कराना होगा। उन्होंने बताया कि नयी सुविधाओं में जमीन के रिकॉर्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का भी काम किया जा रहा है। सरकार सुगम एप का संचालन कर आमजनों को जमीनों की खरीदी-बिक्री की आसान सुविधा दे रही है। इसके साथ ही बिक्री वाली भूमि में लगे पेड़ों पर पंजीयन शुल्क को शून्य कर दिया गया है।

राजस्व मंत्री ने सभी राजस्व रिकॉर्डों को डिजिटलाइज्ड करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती नियम को परिवर्तित करते हुए त्रुटि सुधार का अधिकार अब एसडीएम से छीनकर तहसीलदारां को दे दिया है। राज्य में जमीनों की जियो रिफ्रेसिंग का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके पूरा हो जाने पर सीमा विवाद खत्म होंगे। श्री वर्मा ने यह भी बताया कि राजस्व पखवाड़ों का आयोजन कर राज्य में राजस्व संबंधी प्रकरणों का तेजी से निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अब राज्य या केन्द्र सरकार की किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के मामले पर कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। परियोजना के प्रस्तावित होने के समय से ही उस क्षेत्र में जमीनों खरीदी-बिक्री, सीमांकन-बटांकन सभी पर रोक लगा दी जाएगी। इस कार्यशाला में विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, प्रकाश बैस, पूर्व विधायक इंदर चंद चोपड़ा, श्रीमती रंजना साहू सहित कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार भी उपस्थित थे।

पंजीयन विभाग ने आम जनता की सुविधा और दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए सॉफ्टवेयर में 10 नई सुविधाएं शुरू भी की हैं। इनमें फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन सुविधा से क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार नंबर और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

## मंत्रालय घेरने जा रहे सहकारी कर्मियों को पुलिस ने रोका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी। (धमतरी)

लंबित तीन सूत्रीय मांग प्रबंधकीय अनुदान राशि देने, बैंकों में समिति प्रबंधक पद पर विभागीय भर्ती, धान सूखत सहित शून्य शॉर्टेज प्रोत्साहन राशि दिलाने आदि को लेकर मंत्रालय का घेराव करने निकले जिला सहित प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों के हजारों कर्मचारियों को पुलिस ने बीच रास्ते में रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसे आगे बढ़ते हुए कर्मचारी बैरिकेड्स तक पहुंच गए थे, परंतु पुलिस टीम सहकारीकर्मियों को आगे बढ़ाने के लिए रोकने में सफल हो गई। सहकारी कर्मियों ने मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्यमंत्री, वित्तमंत्री के नाम ज्ञापन विक्रांत राठौड़ अपर मजिस्ट्रेट रायपुर को दिया। उन्होंने कहा कि उक्त स्मरण ज्ञापन पत्र को संबंधितों के पास भेजा जायेगा। कर्मचारियों ने कहा कि यदि शीघ्र छग शासन मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करता है तो पुनः प्रदेश स्तरीय संगठन की बैठक आहूत कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। यह जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने दी है।

## पार्षद ने लिखा था सीएम को पत्र, कार्रवाई का आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बालक चौक स्थित काम्पलेक्स के पीछे भवन और सार्वजनिक पार्किंग के मामले में मोटर स्टैंड वार्ड के पार्षद ने मुख्यमंत्री को आयुक्त के माध्यम से पत्र दिया था जिस पर सीएम कार्यालय से कलेक्टर के मार्फत कार्रवाई का आदेश जारी हो गया है। मोटर स्टैंड वार्ड के पार्षद राकेश चंदवानी ने बताया कि उन्होंने आयुक्त को पत्र लिखा था कि मोटरस्टैंड वार्ड में गुरू तेग बहादुर मार्ग में नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक पार्किंग एवं सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया था। नगरपालिक निगम द्वारा नया काम्पलेक्स बनाने के दौरान वहां के दुकानदारों ने अपने खुद के खर्च पर दुकान में अस्थाई रूप से कब्जा किया था। नया काम्पलेक्स बन गया है। दुकानदार वहां स्थापित हो चुके हैं। अतः उक्त जगह को कब्जा मुक्त कर पार्किंग व सामुदायिक भवन का लाभ जनता को दिया जाए। इस संबंध में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से जारी पत्र के आधार पर कलेक्टर शिकायत शाखा से अपर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को पत्र जारी कर उक्त शिकायत, मांग आवेदन पत्र पर नियमानुसार कार्रवाई करने कहा है।

## सहकारी कर्मियों के सामूहिक अवकाश से खाद, बीज, दवाई, ऋण वितरण प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी। (धमतरी)



जिले के 74 सहकारी समितियों के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश लेकर मंत्रालय का घेराव करने पहुंचे। इससे जिले की सोसाइटी में खाद, बीज, दवाई, ऋण वितरण कार्य प्रभावित हुआ। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि धान खरीदी के समय परिवहन नियमित नहीं होने से समितियों को लाखों का चूना लगा रहा है। इसे सहकारी समितियों की हालत बद से बदतर हो रही है। समय पर शासन ब्याज अनुदान समितियों को नहीं देता। खाद, बीज, दवाई धान खरीदी में कमीशन कम मिलता है। इस कारण समितियां घाटे में निरंतर जा रही हैं। मांगों को लेकर पिछले वर्ष 11 दिनों तक आंदोलन हुआ था। अंतर विभाग की कमेटी का अता-पता नहीं है। इस कर्मचारी आक्रोश हैं।

### अमृत सरोवर में तिरंगा लहराया

**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत बिरेझर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मौके पर सरपंच नेहा गुपेंद्र साहू, उपसरपंच झालेंद्र साहू, साहू समाज संरक्षक भादूराम साहू, सर्व समाज सचिव ईश्वर लाल, रामचंद्र साहू, थानेश्वर गहिवारे, हिरऊ राम, संजय ठाकुर समेत मातृशक्तियों ने अमृत सरोवर में तिरंगा लहराया।

## जोरातराई में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम जोरातराई एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका समापन 18 मई को हुआ। पहला स्थान भेंडरी, दूसरा स्थान सिर्री, तीसरा स्थान बंजारी एवं चौथा स्थान भाठागांव की टीम ने प्राप्त किया। बेस्ट रडार हिमेश, ऑल राउंडर लालाराम, बेस्ट कैचर कोमल रहे। समापन के मुख्य अतिथि चंद्रहास निर्मलकर, त्रिवेंद्र साहू एसएन ग्रुप डायरेक्टर थे। अध्यक्षता ओमप्रकाश निर्मलकर ने की। विशिष्ट अतिथि रामस्वरूप साहू, गोविंदसिंह राजपूत, नन्दकुमार, नन्दकुमार हिरवानी, महेंद्र साहू, ईश्वर निषाद, मनीष पाल, मुकेश, श्रवण साहू, शैलेंद्र निर्मलकर, घनश्याम यादव, राजेश साहू, भारत साहू, गजाधर पाल थे।

**यूरेशियन ओटर का रहवास छग ही नहीं भारत के लिए महत्वपूर्ण : वरूण**

## उदंती सीतानदी अभयारण्य में यूरोप और एशिया मूल का दुर्लभ उदबिलाव ट्रैप कैमरा में कैद

- विज्ञान सभा जैव विविधता बोर्ड को मिली बड़ी सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उदबिलाव के रहवास और संरक्षण पर अध्ययन कर रहे स्वयंसेवी संगठन छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा को बड़ी सफलता मिली है। छग विज्ञान सभा की टीम ने उंदती सीतानदी टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डीएफओ वरूण जैन के मार्गदर्शन में रिजर्व क्षेत्र में ट्रैप कैमरा लगाया और सफलतापूर्वक यूरेशियन ओटर उदबिलाव की रिकार्डिंग की है।

उल्लेखनीय है कि पिछले तीन साल से विज्ञान सभा छग जैव विविधता बोर्ड उदबिलाव के अध्ययन प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इससे पूर्व मरवाही और कोरबा में उक्त जीव की रिकार्डिंग विज्ञान सभा द्वारा की गई है। इसके संरक्षण के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। यूरेशियन ओटर यानी यूरोप और एशिया मूल का उदबिलाव जीवों के फूडचेन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

उंदती सीतानदी टाइगर पार्क में पहले रिकार्डिंग कैमरा टैप के माध्यम से जानकारी हासिल करने में सफलता मिली है। छग फारेस्ट डिपार्टमेंट के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल की अनुमति, छग जैव विविधता बोर्ड मेंबर सेक्रेटरी राजेश चंदेल एवं पीसीसीएफ अरूण पांडे विकास योजना के सहयोग एवं मार्गदर्शन, उंदती सीतानदी अभ्यरण के निदेशक वरूण जैन के गाइडेंस में उदबिलाव का रहवास और संरक्षण पर अध्ययन कर रहे स्वयंसेवी संगठन छग विज्ञान सभा को यह सफलता मिली है।

विज्ञान सभा की टीम में जुलॉजिस्ट एवं प्रिंसिपल इंवेस्टिगेटर निधि सिंह के साथ बाटॅनिस्ट दिनेशकुमार, जन विज्ञानी विश्वास मेश्राम, एनवायरमेंट साइंटिस्ट डा. वायके सोना, प्राचार्य फ्रैंक अगस्टिन नंद, पक्षी विज्ञानी सर्वक्षा सिंह, सुमीत सिंह शामिल रहे।

इसमें डीएफओ वरूण जैन के साथ एसीएफ जगदीश दर्रो, राजेंद्र सोनी, रेंज आफिसर श्री ठाकुर, उपवन परिक्षेत्र अधिकारी श्री नाग का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस उपलब्धि के बारे में डीएफओ श्री जैन ने बताया कि प्राकृतिक रहवास में उदबिलाव की लाइव रिकार्डिंग सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे भारतदेश के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखती है। उदबिलाव की उपस्थिति किसी भी जंगल की जैव विविधता की मजबूती का मजबूत प्रमाण होती है।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन



- नगर निगम धमतरी स्वच्छता अभियान को सशक्त बनाने निरंतर कार्यरत : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगरपालिक निगम द्वारा विमल टॉकीज सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं ठोस कचरा प्रबंधन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, एमआईसी सदस्यगण, समस्त पार्षदगण, निगम अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। अतिथियों ने फिल्म के माध्यम से प्रस्तुत संदेश की सराहना की और इसे जनहित में एक प्रभावशाली प्रयास बताया।

डॉक्यूमेंट्री फिल्म में यह दिखाया गया कि किस प्रकार ठोस कचरे का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रबंधन न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। फिल्म में घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करना, पुनः उपयोग, पुनःचक्रण (रिसायक्लिंग) की प्रक्रिया तथा नगर निगम द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों को भी दिखाया गया।

इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि नगर निगम स्वच्छता अभियान को और सशक्त बनाने निरंतर कार्यरत है तथा ऐसे जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों को इस अभियान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छ और हरित धमतरी के निर्माण का

## करेली छोटी कलस्टर में 6848 आवेदन मिले



- एक हितग्राही को कुक्कुट पालन के लिए 18500 रूपये का चेक दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम पंचायत करेली छोटी में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस कलस्टर में ग्राम पंचायत करेली छोटी, हरदी, बेलौदी, गिरौद, सौंगा, अरौद, खैरझिटी, परसवानी, मेघा, सोनपैरी एवं छिपली ग्राम पंचायत को शामिल किया गया।

करेली छोटी कलस्टर में कुल 6848 आवेदन प्राप्त हुए है। मांग हेतु 6754 आवेदन एवं शिकायत से संबंधित 94 आवेदन मिले। प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। समाधान शिविर में अपर कलेक्टर रामकुमार कृपाल, जिपं सदस्य मीना साहू, जपं मगरलोड अध्यक्ष विरेन्द्र साहू एवं उपाध्यक्ष खिलेश साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं मगरलोड, मगरलोड भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, कृषि सभापति राजेश साहू, निर्माण सभापति नंदनी साहू, जपं मगरलोड सदस्य यमुना साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, प्राधिकृत अधिकारी सोसायटी अध्यक्ष एवं भाजपा महामंत्री संतोष सोनी, मगरलोड पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय यदु, भाजपा मेघा मण्डल पूर्व अध्यक्ष होरीलाल साहू, जिपं सदस्य प्रतिनिधि डेमूराम साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष राखी साहू उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं मगरलोड द्वारा स स्टालों का निरीक्षण किया गया एवं सभी विभागीय अधिकारियों से प्राप्त मांग एवं शिकायतों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली गई। जपं मगरलोड के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा शाखा) द्वारा 2 हितग्राहियों को जॉब कार्ड का वितरण किया गया। जपं मगरलोड द्वारा 10 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन स्वीकृति आदेश 28 हितग्राहियों को दिया गया। श्रम विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को श्रमकार्ड वितरण किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 47 हितग्राहियों को लर्निंग लायसेंस प्रदान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को बी-1 एवं 1 कृषक को ऋण पुस्तिका वितरण किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 148 लोगों का सिकलसेल, बीपी, शुगर, सर्दी, बुखार की जांच की गई। 5 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदनकार्ड का वितरण किया गया। पशुधन विकास विभाग द्वारा 1 हितग्राही को कुक्कुट पालन के लिए राशि 18500 रूपये का चेक दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 लाभार्थी को गोदभराई किट वितरण किया गया। 4 का अन्न प्राशन किया गया एवं 3 लाभार्थी को कुपोषण किट का वितरण किया गया।

**भैंसबोड़ में आयोजित शिवपुराण कथा का हुआ समापन**

## जीवन में कभी घमंड न करें, परिणाम बुरा होता है : पं. युवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी





ग्राम भैंसबोड़ में छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया दुर्गा उत्सव समिति, गंजीर परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित शिव पुराण कथा का समापन 19 मई को हुआ। अंतिम दिवस पंडित युवराज पाण्डेय अमलीपदर देवभोग ने गीता, बिल्व वर्षा, कपिलातर्पण, सहस्त्र धारा यज्ञ एवं पूर्णाहुति कराते हुए कथा को विश्राम दिया। कथावाचक ने एक प्रसंग में बताया कि एक दिन माता पार्वती को भगवान रामजी के बारे में जानने की जिज्ञासा हुई, उन्होंने भगवान शिव से पूछा कि राम भगवान है तो वह सीता एक बार में कैसे नहीं ढूंढ पाए, तब शिवजी ने माता पार्वती को बताया कि देवर्षि नारद जी द्वारा दिए हुए श्राप को सिद्ध करने के लिए भगवान राम द्वारा लीला की गई।

भगवान विष्णु ने एक नगर बसाया, वहां एक राजकुमारी का स्वयं वर करवाया। घूमते-घूमते जब देवर्षि नारद वहां पहुंचे, तो राजकुमारी को देखकर वो उस पर मोहित हो गए। राजकुमारी को पाने के लिए वे रूपवान चेहरा लेकर स्वयंवर में पहुंचे, लेकिन वहां जाकर उनका चेहरा बंदर जैसा हो गया। राजकुमारी बंदर के रूप में नारदजी को देखकर बहुत क्रोधित हुई तभी वहां भगवान विष्णु राजा के रूप में आए और राजकुमारी को अपने साथ लेकर वहां से चले गए। जब नारदजी को इस बात का पता चला कि ये सब भगवान विष्णुजी की माया थी, तो उन्हें बहुत क्रोध आया। क्रोध में आकर उन्होंने भगवान विष्णु को श्राप दिया कि जिस तरह आज मैं स्त्री के लिए व्याकुल हो रहा हूं। उसी प्रकार मनुष्य जन्म लेकर आपको भी स्त्री वियोग सहना पड़ेगा'। पंडितजी ने विविध कथाओं के माध्यम से मोक्ष प्राप्ति, सच्ची शांति, राम रूपी धन प्राप्ति के बारे में कथा बताई। नारद मोह की कथा बताते हुए कहा कि घमंड का बुरा परिणाम होता है। आगे कहा कि भगवान श्रीराम ने रामचरितमानस में और भगवान श्रीकृष्ण ने भगवत गीता में सहज कर्म की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया है। भक्तों द्वारा बिल्व वर्षा की गई।

## एक सफल और आदर्श शासिका थीं अहिल्याबाई होल्कर : डॉ. राजपुरिया

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया के मार्गदर्शन में इतिहास विभाग द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का योगदान भारतीय इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक रहा था। वह 18 वीं सदी की महान शासिका थीं, जिन्होंने देश, राज्य, जनता और धर्म के प्रति अद्वितीय समर्पण दिखाया, वे न्यायप्रिय शासिका थीं जो स्वयं प्रजा के मध्य जाकर जन सुनवाई करती थी और निर्भीक रूप से निर्णय लेती थीं। वह महिला नेतृत्व का साक्षात उदाहरण रहीं।

चालू बैंक खाते के आधारकार्ड से लिंक करवाने व डीबीटी इनेबल कराने की सलाह

# कई महिलाओं के खाते में नहीं आ रही महतारी वंदन योजना की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राज्य सरकार की महती योजना महतारी वंदन योजना की शुरूआत जिले में 5 मार्च 2024 से शुरु हुई। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में हर महीने 1000 रुपए डीबीटी के माध्यम से पहुंच रहे हैं। कुछ महिलाओं का डीबीटी इनेबल अपडेट नहीं होने की वजह से उनके खाते में एक हजार रूपए आना बंद हो गया है। ऐसी हितग्राहियों की संख्या जिले में 3 हजार से अधिक हैं। महिलाएं बैंक में डीबीटी अपडेट करा सकती हैं। डीबीटी अपडेट के बाद खाते में राशि आना प्रारंभ हो जाएगा। जिला परियोजना अधिकारी जगरानी एक्का ने बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि बैंक एकाउंट के माध्यम से आ रही है। जिनके खाते में राशि नहीं आ रही है वे तत्काल अपडेट कराएं, राशि आना प्रारंभ हो जाएगा।

### एक हजार की जगह दो हजार मिल रहे

कुछ स्थानों में पात्र हितग्राहियों को एक की जगह दो हजार मिलने की जानकारी है। ऐसे खातों को होल्ड करने का आदेश प्राप्त है। इससे पहले डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। कारण पता करने पर खुलासा हुआ कि डबल एंट्री होने हर एक साथ दो किस्त जमा हो रही है। वेरिफिकेशन के बाद साफ्टवेयर ने खाते आटोमेटिक होल्ड कर दिया है।



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि जिले में 5 मार्च 2024 से शुरु हुई योजना में कुल 236719 ने फार्म जमा किया था। 235507 महिलाएं पात्र घोषित की गई। इनके खाते में नियमित रूप से राशि आ रही है। बताया गया है कि पहले से पात्र महिलाएं जिनके खाते में राशि नहीं आ रही थी, उन्हें डीबीटी डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर को जीवित करने कहा गया है।

### तीन माह से नही मिली राशि

शहर की पात्र महिलाएं शकुंतलाबाई, कमला ध्रुव, अमरीका निषाद, वंदना सिंह ने बताया कि शुरुआती महीने में हरमाह 1 हजार की राशि नियमित आ रही थी। इसके बाद पिछले तीन माह से राशि आना बंद हो गया है। इसकी जानकारी निगम को दिए जाने के बाद बैंक से डीबीटी अपडेट कराने की सलाह दी है। डीबीटी अपडेट च्वाइस सेंटर के माध्यम से कराकर फोटो कापी विभाग में जमा कर दिए हैं।

डीबीटी के लिए बैंक शाखा में जाकर खाता अपडेट करने की आवश्यकता है। आधारकार्ड बैंक खाता के लिंक के बाद राशि आना शुरु हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### प्रेमप्रकाश आश्रम में कल से चालीहा महोत्सव



**धमतरी।** चालीहा महोत्सव 21 मई से 30 जून तक श्रद्धा भक्ति एवं उमंग के साथ गुरु भक्तों द्वारा मनाया जाएगा। स्वामी टेऊंराम नगर में स्थापित श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में यह उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 21 मई की रात्रि 9.30 बजे से 10.30 बजे तक स्वामी टेऊंराम चालीसा पाठ का आयोजन होगा। रात्रि 9.30 बजे सर्वप्रथम प्रार्थना की जाएगी एवं तत्पश्चात गुरु प्रार्थना अष्टक का पाठ होगा फ़िर दुख निवारण अष्टक का पाठ किया जाएगा। आचार्य श्री के गुणगान से परिपूर्ण भजन गाकर कीर्तन करते हुए भक्ति के रस में डूबते हुए सत्संग की मौज का आनन्द लेकर गुरु बाबा का चालीसा पाठ किया जाएगा। आचार्य श्री एवं इष्टदेव भगवान लक्ष्मी नारायण की आरती कर पल्लव पाकर, चटनी ढोढा का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### अतिथियों को गुमराह करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : ठाकुर



**धमतरी।** अंगारमोती परिसर गंगरेल में आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के नवनियुक्त पदाधिकारियों को आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के जिलाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर ने शपथ दिलाई। समारोह में 10 वीं एवं 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित अतिथियों को गुमराह कर नहीं आने से मना करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर सामाजिक नियमावली के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।ये लोग समाज विरोधी के साथ- साथ सरकार विरोधी भी हैं। इन्होंने शपथ ग्रहण समारोह का विरोध नहीं किया बल्कि शासन एवं प्रशासन का विरोध किया है। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ऐसे लोगों की घोर निंदा करता है। गोंड समाज शीघ्र ही जिलास्तरीय बैठक कर इन लोगों पर सामाजिक अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा।

### समर कैंप में निखर रही बच्चों की प्रतिभा

**मगरलोड।** पीएमश्री अरौद में आयोजित दस दिवसीय समर कैम्प में बच्चे गायन वादन, नृत्य, क्राफ्ट पेपर, कटिंग, मूर्तिकला, चित्रकला, सुलेख, मटका पेटिंग, पेपर से टोपी बनाना मॉडल बनाना सीख रहे है। समर कैम्प 21 मई तक चलेगा। अन्य शाला के छात्र-छात्रायें भी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत एसएमसी अध्यक्ष गुलाब राम साहू ने पूजा-अर्चना कर की। उन्होंने समर कैम्प में बच्चों को नियमित उपस्थित रहने को कहा। पालकगण, संकुल समन्वय द्वारा शाला का निरीक्षण किया जा रहा है। बच्चे अलग-अलग थीम पर रोज नई नई चीजें रूचि के साथ कर रहे हैं। प्रमोद द्वारा डांस, यशवंत योगा, श्री बांसवार द्वारा मूर्तिकल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समर कैम्प में लुकेश्वरी दीवान, यशवंत, प्रमोद ध्रुव एवं विद्यालय की प्रधान पाठिका, श्रीमती पुष्पलता यादव का योगदान रहा है। इनका कहना है कि बच्चे समर कैम्प से शिक्षा से जुड़े होते हैं जिनका लाभ हमें शाला खुलने पर मिलता है।

## युक्तियुक्तकरण से शिक्षा की नींव होगी कमजोर

■ शिक्षक फेडरेशन ने 2008 के सेटअप को लागू करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव ने वर्तमान में शिक्षा विभाग में होने वाले युक्तियुक्तकरण को दोषपूर्ण बताते हुए कहा है कि शालाओं में युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों की संख्या को कम करना शिक्षा की नींव को कम करने जैसा है। प्रदेश के स्कूल पहले से ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में युक्तिकरण के माध्यम से शिक्षकों की संख्या कम करने से शिक्षा की गुणवत्ता पर कमी आएगी। वर्तमान युक्तिकरण नियम के अनुसार जिन प्राथमिक शालाओं में 60 तक दर्ज संख्या है वहां पर दो शिक्षकों की संख्या होगी। इसमें प्रधान पाठक को भी शिक्षक का पद मान गया है। स्कूलों में शिक्षक नियुक्ति का मूल आधार सेटअप है अतः 2008 के सेटअप को लागू किया जाए। युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों को दूर करें। मांग करने वालों में प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, शरीफ बेग मिर्जा, नवीन मार्कण्डेय, रोमन रात्रे, मस्तराम महंत, सेवक पटेल, चम्पेश्वर साहू, प्रकाशचंद साहू, अभिषेक सिंह, नोहर साहू, लीलेश्वर ग्वाल, लुकेश साहू, तेजलाल साहू, रामेश्वर साहू, नरेंद्र सिन्हा, भुनेश्वर साहू, ममता साहू, शिप्रा कन्नौजे, गणेशिया ध्रुव, अनीता गौर, ममता प्रजापति समेत अन्य शामिल हैं।

## महापौर ने गृहमंत्री का किया आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा सोमवार को धमतरी पहुंचे। उन्होंने संगठनात्मक चर्चा करते हुए पुलिस की कार्यशैली की समीक्षा की तत्पश्चात गृहमंत्री विजय शर्मा ने महापौर रामू रोहरा के निवास स्थान पहुंचकर जलपान ग्रहण किया।

इस अवसर पर श्री रोहरा ने गृहमंत्री श्री शर्मा का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।



### दुगली में निकली तिरंगा यात्रा

**नगरी।** ग्राम पंचायत दुगली में तिरंगा यात्रा निकाली गई। ग्रामीणों ने जय जवान, जय किसान के नारे लगाए। मौके पर सरपंच रामेश्वर मरकाम, उपसरपंच चंद्रभान नेताम, बूथ अध्यक्ष आशाराम ओटी, आईटी सेल प्रभारी भाजपा मंडल कुकरेल वरुण देव नेताम, वार्ड पंच उषा वर्मा, नरेंद्र रजक समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## डुबान संघर्ष समिति युवा बेरोजगार संघ ने मांगा रोजगार

■ जिले के बांधों-नहरों के रिक्त पदों पर स्थानीय लोगों को नौकरी दी जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



डुबान संघर्ष समिति युवा बेरोजगार संघ ने जिले के बांधों में स्थायी नौकरी मांगने गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। गंगेरल, सोंढूर, दुधावा, मुरूमसिल्ली बांध निर्माण के समय डूब में आए सैकड़ों परिवार के युवा बेरोजगार हैं। मुआवजा तो नहीं मिला। अब चतुर्थ श्रेणी, श्रमिक वर्ग, तृतीय वर्ग पदों में स्थानीय लोगों की नियुक्ति की मांग शासन से की है।

संघ के अध्यक्ष कुंवर सिंह ध्रुव, ललित पटेल, सरस्वती साहू, विनिता ध्रुव, शिवराम सेन, निखिलेश देवान, गीता साहू, नीतू सिंह निषाद, रूक्मणि ध्रुव, रोशन ध्रुव, सूर्यकांत साहू, सत्यनारायण साहू, हेमंत साहू, उमेश साहू, उतरेश मरकाम, खिलेन्द्र नागवंशी, दानेश्वर साहू, इंद्र सेन, अनिल कुमार नेताम, संतोष ध्रुव ने बताया कि मंडल के अधीन दो संभाग संचालित हैं, जिसके अंतर्गत धमतरी और कांकेर जिले में बांध, महानदी, मुख्य नहर, महानदी प्रदायक नहर, उपनहर, लघु नहर के कार्य संचालित होते हैं। किंतु इन कार्यों की देखरेख के लिए कर्मचारियों की कमी है। कई रिटायर हो चुके हैं। कर्मचारियों की कमी के चलते नहर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इन नहरों को ध्यान में रखते हुए बांधों और नहरों के रखरखाव, देखरेख के लिए स्थानीय युवक-युवती को भर्ती नियम के तहत नौकरी दी जाए। भर्ती के लिए स्थानीय युवकों के हित में नियम बनाए जाए ताकि डूब प्रभावित परिवार, बेरोजगार युवक-युवती को रोजगार पाने का अवसर मिल सके।

सदस्यों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। हड़ताल में धमतरी, कांकेर जिले के सभी सदस्य उपस्थित हो रहे हैं।

## वर्तमान समय भारत के लिये कठिन व निराशाजनक : कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिपं सदस्य कविता बाबर ने कहा कि भारत वर्तमान समय में जिस दौर से गुज़र रहा है, वह बेहद कठिन व निराशाजनक है। भारत की सेना शुरू से ही शक्तिशाली व समर्पित रूप से काम करने वाली रही है। आज सेना की बदौलत ही विश्व में भारत को सम्मान की नज़र से देखा जाता है लेकिन वर्तमान समय में मोदी सरकार राष्ट्रवाद के नाम पर देश में धर्म और जाति आधारित राजनीति करते हुए निर्णय ले रही है जो भविष्य के लिए घातक साबित होगा। भारत देश शुरू से ही सर्व धर्म समभाव व वसुधैव कुटुम्बकम पर आधारित है लेकिन वर्तमान समय में देश के अंदर जाति विशेष को लेकर जो नफ़रत व ज़हर घोलने का माहौल पैदा किया जा रहा है, वह उचित नहीं है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को कुचलने का कार्य वर्तमान मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू से ही इस बात पर बल दिया जा रहा है कि भारत का संविधान ख़तरे में है और इसे हमें बचाना बहुत ही जरूरी है। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में संविधान बचाव यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को ख़त्म करने का प्रयास कर रही है।

## कुर्रा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



■ हमारी सरकार हर गांव में विकास की रोशनी पहुंचा रही : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम कुर्रा में मेन रोड से स्कूल भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। सड़क निर्माण की अनुमानित लागत 20 लाख है, जिससे गांववासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया।

अपने उद्बोधन में श्री रोहरा ने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि गांव हो या शहर, हर क्षेत्र में समान रूप से विकास हो। सबका साथ, सबका विकास इसी सोच की बुनियाद है और हम गांव-गांव तक इस भावना के साथ विकास की रोशनी पहुंचा रहे हैं। ग्राम कुर्रा में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। यह सड़क न केवल विद्यालय तक पहुंच को आसान बनाएगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी बड़ी राहत साबित होगी।

मौके पर अमन राव, मुरारी यदु, देहुति साहू, दमयंती साहू, खम्हन साहू, गोपाल साहू, पितेश टंडन, परमेश्वर साहू, प्रभुराम, धनीराम, पुना राम, जनक बांसकर, मदन साहू, खिलेश्वर, यशवंत, नरेन्द्र , देवव्रत साहू, अजब देवांगन, रिखम राव, गोपीराम, भीषम साहू,एकनाथ साहू, केशव निर्मलकर, ओशक साहू, अमरसिंह, अर्जुन साहू, सहदेव साहू, प्रेमनारायण साहू, श्यामसुंदर, सरोज साहू मौजूद थे।

## श्यामतराई में वनोपज उद्योग की स्थापना के लिए जमीन का होगा आवंटन

■ उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया और सुविधाओं को लेकर व्यापारियों की हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





ग्राम श्यामतराई में छग शासन द्वारा वनोपज आधारित उद्योग की स्थापना के लिए जमीन का आवंटन किया जाना है। जमीन पर उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया और प्रशासन द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी हेतु व्यापारियों के लिए कार्यशाला लघु वनोपज व्यापारी संघ द्वारा आयोजित की गई। मुख्य वक्ता जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रमुख सुरेंद्र पुरी गोस्वामी थे। सुरेंद्र पुरी गोस्वामी, सत्यनारायण राठी, नितिन चितलिया, अरविंद दोशी व संघ के सचिव हरलाल साहू मंच पर थे।

सुरेंद्रपुरी गोस्वामी ने व्यापारियों से प्रशासन के द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं को बताया। सत्यनारायण राठी ने भी वनोपज उद्योग के विकास के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष इश्तियाक रोकड़िया ने इस प्रोजेक्ट को वनोपज व्यवसाय के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में गौरेश शाह, ज्ञानीराम रामटेके, इकबाल रोकड़िया, संतोष शाह, भीखम नाहर, सुरेश राठी, शरीफ रोकड़िया, पवन भंसाली, दिलावर रोकड़िया, सफी भाई, सुनील बच्चानी, केशव खंडेलवाल, नरेंद्र जायसवाल, इमरान रोकडिया, शब्बीर मेमन, बंटी चिमनानी, सुब्हानी बेग उपस्थित थे।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए सकारात्मक सोच जरुरी : रागिनी



**धमतरी।** परिक्षेत्र साहू समाज मौरीखुर्द कुरुद के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर के 19वें दिवस कुरुद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बच्चों का करियर मार्गदर्शन करते हुए बताया कि सकारात्मक सोच से हमें एक नई ऊर्जा के साथ ही तनाव से मुक्ति मिलती है और इससे लक्ष्य प्राप्ति में आसानी होती है। जिस क्षेत्र में आप जाना चाहते हैं उसके बारे में जानकारी लेकर पूरे मनोयोग से कार्य करें। इससे आपको किसी की मोटिवेशन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आप स्वयं अभिप्रेरणा की केंद्र बिंदु है। अभाव से भयभीत न होकर उसका सामना करना चाहिए। अभाव से ही हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। नशामुक्त परिवार से हम अपने देश, धर्म, संस्कृति, समाज की उन्नति कर सकते हैं। माता-पिता का सदैव सम्मान करें। वह हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। शिविर में परिक्षेत्र अध्यक्ष पोषण साहू, लखन साहू, गौतम साहू, शिक्षक गोविंद साहू, होमेन्द्र, कामेश्वरी ध्रुव, जागेश्वर, केजू, नेमीन सिन्हा, हरिनारायण, देवेंद्र पाल, वीणा, किरण चंद्राकर, ठाकुरराम, ओमप्रकाश, मोहन, ज्ञानेश्वर, संजय साहू, देवनारायण, देवेंद्र, हीरु, यादराम, गोपाल, भन्नूराम समेत ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्षगण, परिक्षेत्र पदाधिकारीगण, सदस्यगण, शिक्षकगण जुटे हुए हैं।

चार जिले के 10 जुआरी गिरफ्तार, मोटी रकम जब्त की गई

## बोदाछापर खार में पुलिस ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जिले की कुरुद पुलिस ने जुआ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ग्राम बोदाछापर के खार में की गई है, जहां चार जिले के जुआरी एकत्र होकर लाखों का फड़ सजाए हुए थे। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से करीब डेढ़ लाख रुपये नकदी जब्त की है।

गौरतलब है कि जिले में जब से नए एसपी आये तब से उन्होंने जुआ, सट्टा व अवैध शराब की बिक्री करने वालों को सूचीबद्ध कर उन पर कार्रवाई करने जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दी है जिसके बाद हरकत में जिले के सभी थाना प्रभारी ने अपने अधीनस्थों को बोलकर अपने मुखबिरों को काम पर लगा दिए। चार जिलों के 10 जुआरियों को पकड़ने में सफलता इसी गुप्त सूचना के आधार पर हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार कुरुद थाना अंतर्गत ग्राम बोदाछापर के एक खार में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। सूचना पर पुलिस ने टीम बनाकर तत्काल घेराबंदी कर 10 जुआरियों को रंगेहाथ धरदबोचा। इसमें धमतरी के अलावा रायपुर, बालोद व राजनांदगांव के जुआरी शामिल हैं। पकड़े गये सभी आरोपियों के कब्जे से 1,38,900 रूपये एवं ताशपत्ती जप्त कर धारा 3(2) छग जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है।

पकड़े गए जुआरी दूजलाल डहरिया पिता गंगू डहरिया उम्र 50 वर्ष सिवनी थाना मुजगहन जिला रायपुर, सुदेव ढीमर पिता संतोष ढीमर उम्र 30 वर्ष कांकेतरा थाना चिखली जिला राजनांदगांव, गैंदलाल साहू पिता गोपालराम साहू उम्र 30 वर्ष बरगाही थाना लालबाग जिला राजनांदगांव, गोपेश कुमार पिता स्व. नत्थूराम निर्मलकर उम्र 44 वर्ष अर्जुंदा थाना अर्जुंदा जिला बालोद, सुरेश पंसारी पिता स्व. फल्लूराम पंसारी उम्र 59 वर्ष बनियापारा धमतरी थाना जिला धमतरी, पूर्वेश चंद्राकर पिता चन्दू चंद्राकर उम्र 25 वर्ष दोनर थाना अर्जुनी जिला धमतरी, प्रीतम कुमार साहू पिता हीरालाल साहू उम्र 25 वर्ष चर्रा थाना कुरूद जिला धमतरी, गज्जू उर्फ गजेन्द्र साहू पिता तोरण साहू उम्र 28 वर्ष मोंगरा थाना कुरूद जिला धमतरी, राजेश कुमार देवांगन पिता रूपलाल देवांगन उम्र 40 वर्ष, चर्रा थाना कुरूद जिला धमतरी, सुरेन्द्र साहू पिता हरवंश साहू उम्र 46 वर्ष साकिन मोंगरा थाना कुरूद जिला धमतरी हैं।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत, सउनि सुरेश नंद, प्रआर शेषनारायण पांडेय, दारा चंद्राकर, गोपाल चन्द्राकर, महेश साहू, त्रिवेंद्र सिरमौर, भावसिंग पाटिल, तोप सिंह, सैनिक गोवर्धन लहरे, हेमंत ध्रुव की भूमिका रही।





तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020